शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 17.12.2024

थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा ग्राम बनियानी के हत्याकाण्ड का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त बेलचा (आलाकत्ल) किया बरामदः-

दिनांक 09.12.2024 को वादी श्री रामप्रकाश पुत्र श्री झब्बूलाल निवासी ग्राम बनियानी थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर के द्वारा ग्राम बनियानी मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती अनूपा देवी उम्र करीब 55 वर्ष की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 853/24 धारा 103(1) बीएनएस 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं ग्रहण कर सम्पादित की जा रही हैं।

उक्त घटना को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहांपुर महोदय द्वारा गम्भीरता से सज्ञांन में लेते हुए घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं आलाकत्ल बरामदगी हेतु कडे निर्देश दिये गये थे । जिसके अनुपालन मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय जनपद शाहजहांपुर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक पुवायाँ के नेतृत्व मे घटना के अनावरण हेतु टीम गठित की गयी टीम द्वारा दिनांक 16.12.2024 को घटना का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त विपिन बिहारी उर्फ शेरा पुत्र लालमन निवासी ग्राम बनियानी थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 48 वर्ष को जेवा रोड बाईपास पर निर्माणाधीन पुल के पास से समय करीब 21.45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया जिसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये अपनी निशादेही पर हत्या मे प्रयुक्त बेलचा (आलाकत्ल) को अपने बहनोई परमेश्वर दयाल पुत्र चौधी राम की ग्राम बनियानी स्थित आम,अमरूद की बगिया में दीवार के पास पड़ी लकड़ियो से बरामद कराया गया। अभियुक्त विपिन बिहारी उर्फ शेरा उपरोक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. विपिन बिहारी उर्फ शेरा पुत्र लालमन निवासी ग्राम बनियानी थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 48 वर्ष।

विवरण पूछताछ अभियुक्त-

अभियुक्त विपिन विहारी उर्फ शेरा पुत्र लालमन निवासी ग्राम बनियानी थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 48 वर्ष ने पूछताछ के दौरान बताया कि साहब श्रीमती अनूपा देवी मेरी पारिवारिक भाभी लगती थी मैं अक्सर उससे मजाक करता रहता था वह उसका बुरा मानती थी। दो-तीन बार उसने मुझे लकड़ी से मारा भी था एक बार बाल्टी फेककर भी मुझे मारी थी लेकिन परिवार का मामला था फिर सब एक हो जाते थे। घटना से पहले दिन 8 तारीख को इतवार का दिन था। उस दिन मैने शाम को शराब पी ली थी मैं भाभी अनूपा के घर रात करीब 09.00 बजे पहुंचा उस समय भाई रामप्रकाश भी वहीं मौजूद था। मैंने उससे कहा आग जला लो मुझे भी तापना है। रामप्रकाश ने मुझे धमकाया और वहाँ से खदेड दिया। थोड़ी देर बाद

भाभी अनूपा देवी ने चूल्हे में से तसले में आग लेकर उस पर कुछ लकड़ी रखी और तापने लगी मैं फिर जाकर भाभी के पास बैठ गया और वैसे ही मजाक में कहा तुम मुझसे क्यों नाराज रहती हो इस पर भाभी एकदम भड़क गई और मुझे बहुत भला बुरा कहते हुए धक्के देकर वहां से खदेड दिया। जिससे मुझे बहुत बेज्जती महसूस हुई। मैने तभी तय कर लिया था कि मौका मिलते ही भाभी का काम तमाम कर दूंगा। मैं घर चला गया। रात भर मुझे नींद नहीं आई अगले दिन मैं भाभी की ताक में था कि किस टाइम घर से बाहर जाएगी क्योंकि वह रोजाना ही खेतों की तरफ जाती थी और रास्ता मेरे बहनोई के बाग के पास से ही था। समय करीब चार , साढे चार बजे शाम भाभी अनूपा देवी उसी रास्ते से खेत की तरफ गई उसके करीब आधा घंटा बाद मैं बाग से बेलचा हाथ में लेकर भाभी अनूपा देवी के खेत पर पहुंच गया देखा भाभी पूरब को मुंह करके बैठी हुई जूने पर लकड़िया रख रही थी। मैंने दबे पांव पीछे से जाकर हाथ में लिए बेलचे से उसके सिर पर दो-तीन वार लगातार कर दिए वह वहीं जमीन पर गिर गई मैंने उसके पैर पकडकर खींचकर गन्ने के खेत के किनारे कर दिया और बेलचा लेकर वापस बाग में आ गया। बाग में लगे समर के पास दीवार के पास पड़ी लड़कियों में बेलचा छिपाकर रख दिया। जिसको मेरे द्वारा बरामद करा दिया गया है। यह घटना मुझसे गुस्से में हो गई थी अब बहुत पश्चाताप हो रहा है।

पंजीकृत अभियोगः –

1. मु0अ0सं0 853/24 धारा 103(1) बीएनएस 2023 थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर

बरामदगी का विवरण:-

घटना मे प्रयुक्त एक अदद बेलचा (आलाकत्ल)

आपराधिक इतिहास:-

1.मु0अ0सं0 1113/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर

2. मु0अ0सं0 853/24 धारा 103(1) बीएनएस 2023 थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर

गिरफ्तारी/बरामदगी टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
2. व0उ0नि0 श्री सकतावत सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
3. उ0नि0 श्री अनुज चौधरी थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
4. का0 2251 अक्षय बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
5. का0 1753 चंद्रवीर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
6. का0 1300 विपुल मलिक थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर